53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 10.7°c अधिकतम 25.2 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:44, सूर्यास्त - 5:23 वर्ष : 53/अंक : 317 सोमवार, 17 नवम्बर 2025 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

बड़ा सा महल हो या एक छोटी सी झोपड़ी, खुशियां तभी हैं जिंदगी में, जब शांत हो खोपड़ी

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

एनडीए की जीत अखिलेश को पच नहीं रही है, शायद उन्हें दवा की जरूरत है : दारा सिंह चौहान

निराश लोगों पे होता है यूँ दवा का असर.. मरज बढ़ता गया ज्यूँ ज्यूँ दवा की...

# सोरम में सर्वखाप महापंचायत का गूंजा रणसिंघा

▶ चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत एवं मंत्री कबूल सिंह की प्रतिमा का अनावरण ▶ देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में सर्वजातीय लोगों की भीड़ पहुंची

**शाहपुर, 16 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव सोरम में हवन यज्ञ के साथ सर्वखाप सर्वजातीय महापंचायत का विधिवत शुभारंभ रण सिंघे की गूंज के साथ हुआ। ऐतिहासिक गांव सोरम में रविवार को तीन दिवसीय सर्वखाप महापंचायत शुरू हो गई। पहले दिन स्वामी ओमानंद महाराज किसान मसीहा स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत एवं मंत्री चौधरी कबूल सिंह की मूर्ति के अनावरण किया गया। बालियान खाप के चौधरी और भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत, राकेश टिकैत और सपा विधायक पंकज मलिक की मौजूदगी में सामाजिक कुरीतियों पर मंथन किया गया। साथ ही शिक्षा के प्रचार और युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर रोक लगाने की जोरदार आवाज उठाई गई। बहिष्कार की घोषणा के बीच महापंचायत में विभिन्न बिरादरियों के चौधरियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। सोरम की सर्वखाप महापंचायत को लेकर कई दिन चल रही उठा-पटक के बीच रविवार को तीन दिवसीय सातवी सर्वखाप महापंचायत शुरू हो गई, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों के विभिन्न खापों के चौधरियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुबह हवन-पूजन के बीच किसान मसीहा स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत व चरथावल विधायक पंकज मलिक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सर्व खाप महापंचायत में सामाजिक कुरीतियों को लेकर मंथन किया गया। खासतौर से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई। आयोजकों ने बताया कि 18 नवंबर तक चलने वाली सर्वखाप पंचायत में 36 बिरादरियों के चौधरियों के साथ जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है।





सोरम की ऐतिहासिक पंचायत में किसान मसीहा चौ. टिकैत व मंत्री कबूल सिंह की प्रतिमाओं की स्थापना की गयी।







## तेवतिया खाप के दगड़े वाले बाबा का सम्मान

**शाहपुर, 16 नवम्बर (बु.)।** सोरम की सर्वखाप पंचायत के पहले ही दिन लोकसंस्कृति अपनी पूरी भव्यता के साथ सामने आई। तेवतिया खाप के दगड़े वाले बाबा के सम्मान में जो दृश्य बना, वह सिर्फ.एक परंपरा नहीं था। यह पश्चिमी यूपी की सांस्कृतिक विरासत की आत्मा था। ढोल-नगाड़ों की थाप, चौपालों की ताल, और दूर-दूर से आए लोगों की श्रद्धा सबने मिलकर ऐसा वातावरण बनाया, जिसने हर दिल को छू लिया। आज सोरम सिर्फ पंचायत स्थल नहीं, बल्कि लोक धरोहर का जीवंत मंच बन गया। तेवतिया खाप के इस गौरवपूर्ण सम्मान ने पहले दिन ही सर्वखाप पंचायत को ऐतिहासिक बना दिया।

## समाज में चली रही कुरीतियों पर रखे विचार

**शाहपुर, 16 नवम्बर (बु.)।** ऐतिहासिक गांव शोरम में महापंचायत का पहला दिन का हुआ समापन, वहीं सभी वक्ताओं ने समाज में चली रही कुरीतियों के बारे में अपनी बात रखी। इस बीच ग्राम पंचायत शोरम की ऐतिहासिक चौपाल को भी दुल्हन की तरह सजाया गया। सोरम में रविवार को सर्वखाप पंचायत में लोक संस्कृति, इतिहास और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। बुलंदशहर की मां सतपाल सिंह की टीम ने लोकगीतों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कठपुतली खेल रहा, जिसने पुरानी लोककला को जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शहीद भगत सिंह सेवा समिति की लाइटिंग से सजी चौपाल का रात्रि दृश्य बेहद मनमोहक था। यह पंचायत संस्कृति और पारंपरिक कला के अनूठे मेल का यादगार अनुभव बनी।

## पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हुआ शुभारंभ



**शाहपुर, 16 नवम्बर (बु.)।** तीन दिवसीय ऐतिहासिक सर्वखाप महापंचायत का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हुआ। किसानों के मसीहा स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत और चौधरी कबूल सिंह के स्मारक स्थल पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसमें समस्त खापों के प्रतिनिधियों ने शांति और समृद्धि की कामना की। महापंचायत का मुख्य आकर्षण शुकतीर्थ आश्रम शुक्रताल के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद जी महाराज द्वारा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा का अनावरण रहा। इस भावुक क्षण पर हजारों किसानों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोष के साथ किसान नेता को श्रद्धांजलि दी। प्रतिमा अनावरण के उपरांत, स्वामी ओमानंद जी महाराज ने सर्वजातीय सर्वखाप महा सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने चौधरी टिकैत के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सोई हुई किसान कौम को जगाने का काम किया था और उनके जीवन को संघर्ष का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने सामाजिक प्रगति के लिए समानता, एकता और परस्पर सहयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर विभिन्न खापों के चौधरी, थांबेदार और पदाधिकारियों को सोरम की ऐतिहासिक चौपाल का छायाचित्र और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया, जिससे वातावरण गौरवपूर्ण बन गया। महापंचायत की अध्यक्षता हरियाणा के चौधरी हुकुम सिंह लाढौत ने की, जबकि संचालन श्री शुकदेव आश्रम ट्रस्टी ओमदत्त आर्य देव ने किया। सम्मेलन को दीपक शरण, चौधरी गजेंद्र अहलावत, अशोक खत्री सहित कई प्रमुख वक्ताओं ने संबोधित किया, जिन्होंने किसानों की एकजुटता और सामाजिक सद्भाव को प्राथमिकता देने पर बल दिया। महापंचायत में ब्राह्मण समाज गठवाला खाप, सोनीपत जटवाड़ा, घणघस खाप, संयुक्त गुर्जर परिसंघ और हरियाणा की सतरोल खाप सहित विभिन्न खापों और समाजों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। फेडरेशन ऑफ मुस्लिम जाट एसोसिएशंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशु चौधरी और राजस्थान के जोधपुर से आए नीका पंथ के पीठाधीश्वर आचार्य राम निवास महाराज की उपस्थिति ने आयोजन के दायरे को और भी व्यापक बना दिया।

## जब 6 साल की अंशिका बोली - अपने बच्चों को अपना दोस्त बनाओ नहीं तो बुरे लोग उन्हें बिगाड़ देंगे

**मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बु.)। सोरम में हो रही सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत के मंच पर पहुंची 6 वर्षीय अंशिका बालियान ने जब माइक संभाला तो बच्चे की आवाज सुनकर हर कोई अचंभित था। अंशिका बोली कि भले ही आप अपने बच्चे को एक रोटी कम दे देना, लेकिन शिक्षा और संस्कार देना मत भूलना। इतना सुनते ही पंडाल के बाहर मौजूद हर कोई महासम्मेलन की ओर बढ़े और मासूम की बात को ध्यान से सुना। अंशिका बालियान ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अपना दोस्त बनाकर उन्हें समझना होगा नहीं तो बुरे लोग उन्हें अपना दोस्त बनाकर बर्बाद कर देंगे। हमें अपने घरों से नशा भगाना है। पहले हमें अपने घर को नशा मुक्त करना होगा, उसके बाद देश नशा मुक्त होगा। नादान सी बच्ची के कंठ से निकले इतने सुंदर वर्णन का सम्मेलन में मौजूद हर किसी ने तालियों से स्वागत किया। इस दौरान भाकियू प्रवक्ता राजेश टिकैत ने बच्ची का परिचय कराया और कहा कि किसान आंदोलन के दौरान भी इसी बच्ची ने दिल्ली यूपी बोर्डर पर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। तब ये बहुत छोटी थी। अब भी अगर हम किसी की नहीं सुन रहे तो इस बच्ची की बातों को अपनी जिंदगी में उतार लेना चाहिए।**



## ट्रक व छोटा हाथी की भिड़ंत में एक की मौत, चपेट में आया बाइक सवार गंभीर

**भोपा, 16 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर देर शाम ट्रक व छोटा हाथी वाहन की भिड़ंत हो गयी, जिसमें छोटा हाथी चालक की मौत हो गयी। इनके बीच ही अचानक आकर फंसा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई मे जुट गयी है। भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी बसेड़ा मार्ग पर रविवार की देर शाम ट्रक व छोटा हाथी की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। तेज टक्कर से हाथी चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जिसके शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान राजीव पुत्र जतन निवासी खेड़ाजट थाना मंगलोर जिला हरिद्वार के रूप में हुई, वहीं इसी बीच एक बाइक सवार भी इसी बीच फंस गया, जो गंभीर से घायल हो गया। घायल बीरसैन निकटवर्ती गांव रहमतपुर निवासी है। पुलिस ने घायल को भोपा अस्पताल भेज दिया तथा मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीओ देवव्रत वाजपेयी थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने ट्रक को कब्जे मे ले लिया, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।







## करेले की बेल तोड़ने पर डांटा, तो किशोरी ने जहर खाकर जान दी

**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** बच्चे कितने संवेदनशील हो गए हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करेले की बेल तोड़ने को लेकर डांटने पर एक किशोरवय छात्रा ने मां के डांटने पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जहर के चलते हालत बिगड़ने पर परिजन छात्रा को लेकर अस्पताल में पहुंचे। वहां छात्रा की मौत हो गयी। परिजनों के पुलिस कार्रवाई से इंकार के बाद पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 14 वर्षीय छात्रा को उसकी मां ने करेले की बेल तोड़ने पर डांट दिया। डाटने के बाद मां घर में खाना बनाने के लिए चली गयी। छात्रा ने घर में रखी चूहे मारने की दवा का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन छात्रा को लेकर जिला अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया, तो शव का पंचायतनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। छात्रा की मां घरों में खाना बनाने का काम करती है, जबकि उसके पिता मजदूरी करते हैं।








1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## चिराग, तेजस्वी, राहुल और अखिलेश

अखिलेश यादव, राहुल गांधी, चिराग पासवान और तेजस्वी यादव इन चारों को पारिवारिक परिवेश से राजनीति मिली है, लेकिन इनमें से तीन अखिलेश, तेजस्वी, राहुल उसे आगे नहीं बढ़ा पाए। चिराग पासवान ने अपने पिता की राजनीति को हानि नहीं पहुंचाई उसे आगे बढ़ाया है। अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव में अवश्य सफल रहे, लेकिन राहुल गांधी या तेजस्वी के हिस्से में कोई सफलता नहीं है। अखिलेश, राहुल और तेजस्वी के बयानों पर सोशल मीडिया पर बहुत कटाक्ष चलते हैं। चिराग पासवान इस मामले में गंभीर हैं, उनकी बातों में विवेक झलकता है, उनकी नीयत में सेवा है, यही उनकी सफलता का कारण है। वे राजनीति को गंभीरता से लेते हैं। चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी आर को इन चुनावों में 19 सीटों पर जीत मिली है। इसे दूसरे नजरिए से देखें तो चिराग पासवान की पार्टी के पास राज्य के सबसे प्रमुख विपक्षी दल आरजेडी से मात्र 6 सीटें कम हैं। चिराग पासवान ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को न केवल बचाकर रखा है, बल्कि उसे कई मायनों में आगे बढ़ाया है। बिहार राज्य से जुड़े मुद्दों पर चिराग पासवान अपने पिता से कहीं आगे दिखते हैं और इन विधानसभा चुनावों में भी उन्हें बड़ी कामयाबी मिल गई है। चिराग पासवान पिछले विधानसभा चुनावों में नीतीश के साथ नहीं थे, तो उन्होंने दिखा दिया कि वो नीतीश को कितना कमजोर कर सकते हैं। इस बार वो साथ थे, तो अपनी ताकत भी दिखा दी। नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होने के बाद चिराग पासवान ने राज्य में हुए कुछ विधानसभा उपचुनावों में बीजेपी का सीधा समर्थन किया और बीजेपी को मिली सफलता का श्रेय चिराग के हिस्से में भी आया। नेता पुत्रों में चिराग पासवान बहुत मंझे हुए राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने चुपचाप काम किया, 19 सीटें जीती अब उन्हें राजनैतिक रूप से परिपक्व कहा जा रहा है। ऐसा बाकी तीनों के लिए नहीं कहा जाता। चिराग पासवान ने कभी दावा नहीं किया कि इतनी सीटें जीतूंगा, किसी सभा में भी कोई बड़ा दावा नहीं किया, कोई बड़बोलापन नहीं दिखाया, यही परिपक्वता है। पार्टी में टूट के बाद भी चिराग पासवान ने अपने पिता रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत पर अपना दावा नहीं छोड़ा और बिहार की राजनीति में लगातार सक्रिय रहे। वो सभाएं और रैलियाँ करते रहे और इस तरह अपने चाचा पशुपति कुमार पारस को काफी पीछे छोड़ दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि साल 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने पशुपति पारस को किनारे कर चिराग पासवान के धड़े एलजेपी आर को समझौते के तहत पांच सीटें दीं। चिराग पासवान की पार्टी ने इन पाँचों सीटों पर जीत दर्ज की और अपनी उपयोगिता प्रमाणित की। इससे पहले साल 2019 के चुनावों में भी एलजेपी को बिहार में अपने हिस्से की सभी छह सीटों पर सफलता मिली थी। हालांकि उस समय रामविलास पासवान जीवित थे। लोकसभा चुनावों के लिहाज से चिराग ने अपने पिता की विरासत को बिखरने नहीं दिया। बिहार में दलितों के बीच रामविलास पासवान को हमेशा एक बड़े नेता के तौर पर देखा गया। चिराग पासवान भी अपने इस कोर वोट बैंक को बरकरार रखने में कामयाब दिखते हैं। यही नहीं बिहार में दलितों को महादलितों के बीच अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश में लगे नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी से चिराग की एक दौड़ भी दिखती है। जानकार इस मुद्दे को तीनों नेताओं के बीच तनाव की एक दबी हुई भावना के तौर पर भी देखते हैं। चिराग पासवान अभी युवा हैं और वो भी अपने पिता की तरह 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की बात करते रहे हैं। यानी अपने कोर वोटरों के अलावा वो एक व्यापक छवि बनाने की कोशिश में भी दिखते हैं। सपा ने 2024 के लोकसभा में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और बीजेपी से ज्यादा सांसद जीते, तब अखिलेश यादव की सियासी समझ की तारीफ हुई, लेकिन उनके सियासी बयान, इतने सांसदों वाली पार्टी के मुखिया के स्तर के विपरीत माने जाते हैं। सपा की जीत में भाजपा की कमजोरियों का भी बड़ा हाथ माना जाता है, कहा जाता है कि भाजपा का नशा उतारने के लिए सपा को वोट मिला, इसलिए अखिलेश को इसका इतना श्रेय नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए था। बिहार में महागठबंधन की हार पर अखिलेश यादव ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर कहा था कि बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वो पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, यूपी और बाकी जगह पर अब नहीं हो पायेगा, क्योंकि इस चुनावी साज़िश का अब भंडाफोड़ हो चुका है। राहुल के बयान और उनकी सियासत अलग ही है, अब उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाता। तेजस्वी की सियासत को यूँ समझा जा सकता है, चुनाव प्रचार अभियान जब पूरे पीक पर था, उसी दौरान एक वाकया सामने आया। चक्रवाती तूफान के कारण बिहार में बेमौसम की बारिश हो रही थी। आंधी-बारिश ऐसी थी कि हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पा रहा था। उस दिन तेजस्वी पूरे दिन पटना में बैठे रहे, लेकिन खराब मौसम के बाद भी नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से कई जगहों पर प्रचार किया। तेजस्वी को जब तक सीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनाया गया, वो आराम करते रहे। कांग्रेस की रणनीति बिना सीएम फेस घोषित किए चुनाव में जाने की थी, लेकिन तेजस्वी सीएम फेस घोषित करने पर आमदा दिखे। कई बार सार्वजनिक मंच से उन्होंने खुद को सीएम फेस घोषित किया। सीएम फेस घोषित करने पर कांग्रेस और राजद के बीच यह किचकिच करीब एक सप्ताह तक चलती रही। इसे भी जनता ने देखा। इस दौरान तेजस्वी लगभग चुनावी सीन से गायब हो गए। अपने केस की सुनवाई में तेजस्वी पूरे परिवार के साथ दिल्ली आए। चर्चा थी कि वो राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं से मिलकर निर्णय लेंगे, लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि दिल्ली में होने के बाद भी राहुल गांधी से नहीं मिले। नामांकन की तारीखें लगातार बीत रही थी। अंत में कांग्रेस ने गहलोत को बिहार भेजा। उन्होंने तेजस्वी को सीएम और मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम फेस बनाने की घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस नेताओं से अधिक तेजस्वी, मुकेश सहनी और आईपी गुप्ता के करीब नजर आए। रैलियों का दौर शुरू हुआ, एक-एक दिन में कई सभाएं शुरू हुईं, लेकिन सीट बंटवारे की घोषणा, उम्मीदवारों की घोषणा का मामला लटकता रहा। यह ड्रामेबाजी लोगों को रास नहीं आयी, लोगों ने न तेजस्वी को गंभीरता से लिया न राहुल को।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'काहिल' 'खुशियाँ' 'महफिल' 'जाहिल'

के अनपढ़ और कुछ काहिल बड़ी खुशियाँ मनाते हैं,  
कहीं भी जोड़ कर महफिल,बड़ी खुशियाँ मनाते हैं।  
जहालत बन गयी खूबी,जमाना आ गया कैसा?  
इकट्ठा हो अब जाहिल,बड़ी खुशियाँ मनाते हैं।

# गांधी पॉलिटेक्निक में कार्यक्रम आयोजित कर पुरातन छात्रों का किया गया सम्मान






मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बुस.)। गांधी पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर एलुमनी एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'एलुमनी डे' एवं 1975 व 2000 वर्ष के पासआऊट्स छात्रों के सम्मान में भोपा रोड स्थित गांधी पॉलिटेक्निक परिसर में क्रमशः स्वर्ण एवं रजत जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमन्त्री स्वतन्त्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि गांधी पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर के प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह, संरक्षक इं. सतीश शर्मा, इं. देवेन्द्र गर्ग, एलुमनी एसोसिएशन अध्यक्ष इं. अजय सक्सेना, पूर्व मुख्य अभियन्ता इं. सुशील कुमार शर्मा, सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल, मुख्य संयोजक एसडीओ इं. बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से विद्या, ज्ञान एवं बुद्धि की देवी मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शिक्षाऋषि संत वीतराग स्वामी कल्याणदेव की प्रतिमा के सम्मुख श्रद्धा-सुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इं. शिशिर गोयल, अनुज वर्मा ने गायन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर 2025-27 के लिए हुए द्विवार्षिक चुनाव में प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह, इं. सतीश शर्मा व इं. देवेन्द्र गर्ग को संरक्षक, इं. अजय सक्सेना, अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश), इं. बबलू सिंह अध्यक्ष (उत्तराखंड), इं. बसन्त गोयल, सचिव, परियोजना प्रबन्धक इं. मथन सिंह विकल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. सुरेश गर्ग उपाध्यक्ष, इं. अभय गर्ग कोषाध्यक्ष, इं. अंकुर देशवाल ऑडिटर, इं. नीरज कौशिक संयुक्त सचिव व इं. विपिन शर्मा, मुख्य संयोजक रजत जयन्ती बैच 2001 चुने गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. अजय सक्सेना व संचालन इं. बबलू सिंह एवं सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि मन्त्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने परिवार के भरण-पोषण के साथ-साथ गरीबों, वंचितों व जन-मानस के लिए कार्य का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशीकरण की सुदृढ़ता पर बल दिया, विशिष्ट अतिथि इं. राजीव सिंह, प्रधानाचार्य गांधी पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर ने पुरातन व वर्तमान छात्रों को सफलता के गुर बताए। इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे इं. मनीष गोयल, इं. नेत्रपाल, इं. श्वेता रस्तौगी, इं. यशपाल, इं. हेमन्त सिंह, इं. शत्रुघ्न त्यागी, इं. आकाश अग्रवाल, इं. नवीन चौहान, इं. रजनीश सैनी, इं. रामकुमार, इं. अमित सैनी, इं. अशोक कुमार, इं. सुभाष चन्द, इं. सुशील कुमार, इं. अनुज कुमार सिंह, इं. सलोनी कुमार, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा बरेली इं. निर्भय सिंह आदि पच्चीस वर्ष पूर्व के पुरातन छात्रों को सपरिवार सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजन में पुरातन छात्रों पूर्व अध्यक्ष इं. सचिन अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष इं. प्रशान्त कुच्छल, संयुक्त सचिव इं. नीरज कुमार, ऑडिटर इं. सतीश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य इं. सतीश प्रजापति, इं. विपिन शर्मा, मुख्य अभियन्ता इं. नरेश कुमार रस्तौगी, इं. नीरज गुप्ता, इं. मथन सिंह विकल, परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारनपुर मंडल, इं. प्रदीप चौधरी, शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, रेलवे रोड, मुजफ्फरनगर आदि का विशेष योगदान रहा।

# समाजसेवी ममता अग्रवाल समाजवादी पार्टी में हुई शामिल

## - सबका साथ, सबको सम्मान से प्रभावित होकर सपा में हुई शामिल : ममता अग्रवाल



मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बुस.)। समाजसेवा में लगातार भूमिका निभा रही ममता अग्रवाल अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गई। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने ममता अग्रवाल को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाकर उनका स्वागत किया। समाजवादी पार्टी में शामिल हुई ममता अग्रवाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी जाति वर्ग को सम्मान एवं उनके अधिकारों की आवाज बनती रही है। इसी से प्रभावित होकर तथा 2027 में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के मिशन को पूरा करने के प्रयास में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हुई है। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट, प्रदेश सचिव चौधरी, इलम सिंह गुर्जर, सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी, पवन बंसल, धर्मेंद्र सिंह, नीटू, साजिद हसन ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि लोकतंत्र व संविधान की मजबूती तथा रक्षा के लिए सभी को जागरूक होकर समाजवादी पार्टी के साथ आना चाहिए। इस मिशन में साथ आने वाले सभी का स्वागत है। इस दौरान सपा नेता डॉ. नूर हसन सलमानी, सत्यप्रकाश अग्रवाल, सचिन मित्तल, रजनीश यादव, हुसैन राणा, उत्कर्ष अग्रवाल, राशिद मलिक, डॉ. हनी समाहत, सत्यपाल सिंह, विपिन कुमार गोयल, मौ. नजर, गुलफाम, इरफान मलिक, जानू प्रधान, इरफान मलिक, इकराम, आलिम प्रधान, सेदा हसन, जानू प्रधान सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# "लायंस क्लब मुजफ्फरनगर कात्यायनी" ने सुंदर कार्निवल का आयोजन किया



मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बुस.)। "लायंस क्लब मुजफ्फरनगर कात्यायनी" की महिला सदस्यों ने बाल दिवस पर एक सुंदर कार्निवल का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आवास विकास कॉलोनी में स्थित शकुंतलम मंदिर में निशुल्क पढ़ रहे बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बबीता सिंह चौहान, (माननीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग) और विशिष्ट अतिथि के रूप में सपना कश्यप, (सदस्य राज्य महिला आयोग उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किए गए। खेलों से पहले बच्चों ने मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और कई मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि इस पवित्र स्थल पर बच्चों को शिक्षा देना एक सराहनीय योगदान है और ये बच्चे देश का भविष्य बनेंगे। इस अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल की जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन रीना अग्रवाल ने बताया कि "लायंस क्लब मुजफ्फरनगर कात्यायनी और लायंस क्लब उन्नति" समाज के लिए अनेक सेवा कार्य कर रहे है और अपने त्योहार भी अच्छे से मनाते हैं। इस अवसर पर कात्यायनी के सभी सदस्य जैसे कि ममता चौहान, शोभिका गोयल, शैली गोयल, नीरा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, नेहा मित्तल, ऋतिका अग्रवाल, ममता अग्रवाल अर्चना जैन, नेहा गर्ग, वंदना मित्तल, प्रतिभा बंसल, प्रगति गोयल, लाइन मनीष बंसल, अमित मित्तल, नितिन गोयल दिनेश गर्ग, रुचि अग्रवाल और यशिका तायल, अमृता महेश्वरी उपस्थित थीं। सीए अजय अग्रवाल और अपूर्वा अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पाकिस्तान लिंक्ड आर्म्स-नार्को नेटवर्क का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार, हथियार और हेरोइन बरामद

अमृतसर, 16 नवम्बर (एजेंसी)। खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक बड़े हथियार एवं नशा तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से छह अत्याधुनिक पिस्टल, पांच .30 बोर और एक ग्लॉक 9एमएम के साथ 1 किलो 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया और ड्रोन के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे। इसी माध्यम से वे पंजाब में अवैध हथियारों और नशे की सप्लाई और डिलीवरी का समन्वय कर रहे थे।




आरोपियों की पहचान आकाश मसीह, प्रिंस, सुखविंदर सिंह, करनवीर सिंह उर्फ करन और गुरपेज सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना छेहर्ता और थाना कैंटोनमेंट में एफआईआर दर्ज कर ली है। नेटवर्क के अन्य हैंडलरों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है। पंजाब पुलिस का कहना है कि वह सीमा पार से होने वाली तस्करी पर सख्ती से नकेल कसने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डीएवी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष व्याख्यान

## - विशेषज्ञों ने छात्रों को दी जरूरी जानकारी



मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बुस.)। डीएवी कॉलेज पीजी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्पण जैन (साइकोथेरेपिस्ट), जिला अस्पताल, मुजफ्फरनगर तथा डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय (साइकाइट्रिस्ट) जिला अस्पताल, मुजफ्फरनगर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एम.के. बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डी.ए.वी. कॉलेज, मुजफ्फरनगर के मनोविज्ञान विभाग में एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोरोग विषय पर केंद्रित था, जिसमें छात्रों को मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्पण जैन (साइकोथेरेपिस्ट), जिला अस्पताल, मुजफ्फरनगर तथा डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय (साइकाइट्रिस्ट) जिला अस्पताल, मुजफ्फरनगर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एम.के. बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. गरिमा जैन ने तथा मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार तथा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य वक्ताओं ने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और जीवनोपयोगी जानकारी साझा की। साथ ही, उन्होंने छात्रों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान भी किया। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय छात्रा ईशा तोमर एवं सरगम ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय प्रवक्ता डॉ. रीना सैनी तथा डॉ. रंजीता जैन और विभाग के छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

# चोरी का आरोप लगाकर बालिका को बनाया बंधक की मारपीट

भोपा, 16 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी एक महिला ने गांव में ही उर्दू पढ़ने गए उसके बच्चों पर उर्दू पढ़ाने वाले युवक और उसके परिजनों द्वारा साठ हजार रुपए की चोरी मढ़ने और आरोप मढ़ने के लिए मानवीय संवेदनाएं ताक पर रखकर आठ वर्षीया बालिका को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है, जब बालिका ने मामले की शिकायत अपनी मां से की तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौच करते हुए मारपीट का प्रयास किया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी महिला ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि उसके तीन नाबालिग बच्चे गांव के ही एक युवक के पास उर्दू पढ़ने के लिए जाते हैं। आरोप है कि उक्त युवक और उसके परिजन उसकी आठ वर्षीय पुत्री और पांच वर्षीय पुत्र पर साठ हजार रुपए चोरी करने का इल्जाम लगा रहे है।

महिला ने बताया कि इसी इल्जाम के चलते बीते शनिवार की दोपहर आरोपी ने उर्दू पढ़ने गई उसकी आठ वर्षीया पुत्री को कमरे में बंद कर लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए पांच वर्षीय भाई द्वारा चोरी करने का इल्जाम कबूल करने का दबाव बनाया और उसकी वीडियो बनाई, जब बालिका ने घर आकर अपनी मां से मामले की शिकायत की, तो पीड़िता ने आरोपी से इस बारे में कहा। इस पर आरोपी उसके साथ भी गाली-गलौच कर मारपीट करने पर उतारू हो गए, जिसके बाद रविवार को महिला भोपा थाने पर पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दिल्ली निवासी बुजुर्ग घायल

भोपा, 16 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र की गंग नहर पटरी पर दिल्ली से बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रहा एक बुजुर्ग अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। जौली निवासी एक राहगीर की सूचना पर पहुंचे जौली चौकी पर तैनात दो हेड कांस्टेबलों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। दिल्ली निवासी रामअवतार रविवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क के किनारे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मार्ग से गुजर रहे जौली निवासी युवक मोहम्मद इरशाद जो किसी काम से भोपा आ रहा था, ने घायल को रास्ते में पड़े देखा, तो मामले की सूचना जौली चौकी पर दी, जिस पर जौली चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार और पवन चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। दुर्घटना की सूचना घायल बुजुर्ग के परिजनों को दे दी गई है।



# डॉ. उमर नबी का शव लेने नहीं पहुंच रहा परिवार

नई दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)। लाल किला के पास खुद को कार के साथ उड़ाने वाले फिदायन आतंकी डॉ. उमर नबी के शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हुए हैं। डीएनए से उसके शव की पहचान भी हो गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उमर का शव लेने के लिए अभी किसी ने भी दावा नहीं किया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि धमाके से उमर के शरीर के कुछ ही टुकड़े बच पाए थे। उनको एक गत्ते के कार्टन में मोर्चरी के फ्रिजर में हुआ है। माना जा रहा है कि घटना स्थल से करीब 150 मीटर गौरी शंकर मंदिर के पास शौचालय की छत से मिला एक हाथ भी उमर का हो सकता है। उसको भी शव के टुकड़ों के साथ रखा गया है। दूसरी ओर धमाके में मारे गए बिलाल अहमद संगू का रविवार को भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका। जम्मू एवं कश्मीर के गांदरबल के रहने वाले बिलाल के परिजनों ने एसएसपी के जरिए दिल्ली पुलिस से संपर्क कर रविवार को दिल्ली पहुंचने की बात की थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि परिवार दिल्ली नहीं आया। इस वजह से बिलाल के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। उसका शव मौलाला आजाद मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में सुरक्षित रखा हुआ है। सोमवार को परिवार के दिल्ली आने की उम्मीद जताई जा रही है। सामान छोड़कर लाल किला लौट रहे जुगाड़ ई-रिक्शा बिलाल की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई थी। इस बीच धमाके की जांच के दौरान 9एमएम के तीन कारतूस बरामद हुए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि दो कारतूस हैं जबकि एक खोखा है। दरअसल कारतूस मिलने को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि 9एमएम के कारतूस या तो सुरक्षा बल इस्तेमाल करते हैं या फिर पुलिसकर्मी इनका इस्तेमाल करते हैं।

## अल फलाह का इलेक्ट्रिशियन भी निकला 'आतंकी

नूंह, 16 नवंबर (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह में आतंकी उमर की मौजूदगी की पुष्टि के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में कड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, उमर पिछले लगभग 10 दिन तक हिदायत कॉलोनी के जिस मकान में रुका था, उस गली को रविवार सुबह पुलिस ने बैरिकेड लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया। गली में रहने वाले सभी लोगों की सूची तैयार की गई है और स्थानीय पुलिस ने उनके सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। विभिन्न जांच एजेंसियों की टीमों ने पूरे दिन शहर के अलग-अलग इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, ताकि उमर की आवाजाही का कोई सुराग मिल सके। इसके बावजूद अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उमर नूंह से कब और किस रास्ते से निकला। इस बीच, आतंकी उमर को हिदायत कॉलोनी में ठहरने के लिए मकान उपलब्ध कराने में भूमिका निभाने वाले शोयब और रिजवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि शोयब अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में इलेक्ट्रिशियन के पद पर काम करता था और मकान मालिक महिला का रिश्तेदार भी है। दोनों से पूछताछ जारी है।

# स्वास्थ्य मेले में 125 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

जानसठ, 16 नवम्बर (बु.)। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 125 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचसी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 40 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

# लंदन की नदी में इंडियन के पैर धोने से विवाद, सोशल मीडिया यूजर बोले- गंगा-यमुना काफी नहीं



लंदन, 16 नवम्बर (एजेंसी)। लंदन की मशहूर टेम्स नदी में एक भारतीय युवक के पैर धोने से विवाद छिड़ गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि उसने नदी में नहाने की भी कोशिश की थी। टेम्स नदी लंदन की पहचान मानी जाती है और इसके किनारे संसद भवन, लंदन आई और टावर ब्रिज जैसी मशहूर जगहें हैं। जब यह वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सामने आया, तो लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं दी। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि गंगा-यमुना काफी नहीं थीं, अब टेम्स को भी वैसा बनाना चाहते हो। एक अन्य ने लिखा कि इंडियन आदमी टेम्स में पैर धो रहा है, लोग नाराज हैं। ये कैसी हरकतें हैं? कई सोशल मीडिया यूजर्स ने युवक के सपोर्ट में भी ट्वीट किए हैं। एक यूजर ने लिखा कि पैर धोने में आखिर समस्या क्या है।सम्मान के साथ पूछ रहा हूं, इसमें दिक्कत क्या है? एक यूजर ने पूछा- क्या पानी में पैर डालना गैरकानूनी है? एक यूजर ने लिखा कि नदी का रंग ही बता रहा है कि इसमें कुछ भी धोना ठीक नहीं। दूसरे ने मजाक में कहा- भाई, पैर मत धोओ, लोग यही पानी पीते हैं। टेम्स नदी लंदन शहर के बीच से गुजरती है और सदियों से शहर के विकास, व्यापार और परिवहन का मुख्य आधार रही है। रोमन साम्राज्य के समय से ही यह नदी महत्वपूर्ण रही है। लंदन शहर की स्थापना भी इसी नदी के किनारे हुई थी। टेम्स नदी पर लंदन ब्रिज, टॉवर ब्रिज, वेस्टमिंस्टर पैलेस, लंदन आई और टेम्स बैरियर जैसे फेमस ब्रिज हैं। नदी के किनारे कला, संगीत, थियेटर और त्योहारों से जुड़ी कई एक्टिविटी होती हैं। टेम्स पर की जाने वाली क्रूज यात्राएं लंदन के प्रमुख आकर्षणों में से हैं।

## कलयुगी पति ने अपनी पत्नी की हत्या का किया प्रयास

बुढ़ाना, 16 नवम्बर (बु.)। कलयुगी पति ने अकारण ही अपनी पत्नी व 3 बच्चों को जिंदा जलाने की कोशिश की। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रमिता पत्नी आशीष निवासी मौहल्ला कृष्णापुरी बुढ़ाना ने पुलिस को बताया कि उसके पति आशीष कुमार पुत्र मदन निवासी कृष्णापुरी बुढ़ाना से उसकी शादी बीते सन 2014 में हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। विगत दिवस मैं और मेरे तीनों बच्चे घर पर ही थे कि तभी देर रात नौ बजे के करीब उसका पति आशीष कुमार घर पर आया और रोजाना की तरह उससे अकारण ही लड़ाई झगड़ा करने लगा, जब मैने उसकी इस बात का खुलकर विरोध किया, तो उसने घर में खड़ी हुई अपनी मोटर साईकिल में से पेट्रोल निकाल कर घर में छिड़क दिया। वो आग लगाने ही वाला था। उसने इस दौरान दो तीन बार माचिस जलाने का प्रयास किया, लेकिन माचिस गीली होने के कारण नहीं जली। अगर जल जाती तो मैं और बच्चे आग में जलकर मर जाते। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आए पड़ोसियों को देखकर उसका पति फरार हो गया। बुढ़ाना पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पंजाब के तलवाड़ा पुलिस स्टेशन में बम ब्लास्ट, थाने की सुरक्षा बढ़ाई

तलवाडा, 16 नवम्बर (एजेंसी)। पंजाब के पुलिस थाने आतंकियों व गैंगस्टरों के निशाने पर हैं। होशियारपुर के तलवाड़ा पुलिस स्टेशन पर बम ब्लास्ट हुआ है। एक गैंगस्टर ग्रुप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर तलवाड़ा पुलिस स्टेशन को उड़ाने की जिम्मेदारी ली है। हालांकि पुलिस प्रशासन की तरफ से दावा है कि कोई ब्लास्ट हुआ ही नहीं। हालांकि गैंगस्टर ग्रुप ने आंतकी रिंदा का नाम लेते हुए यह पोस्ट जारी की है। डीएसपी दसूहा बलविंदर सिंह जौड़ा का कहना है कि एक वेब चैनल ने जम्मू-कश्मीर में पुलिस थाने में हुए धमाके को लेकर तलवाड़ा थाने का दावा कर दिया। इसके बाद गैंगस्टरों ने की तरफ से सोशल मीडिया पर यह दावा किया गया कि उन्होंने यह धमाका करवाया है। जौड़ा का कहना है कि इस संबंध में पूरी जांच की गई है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इलाके में गहन जांच की जा रही है और पोस्ट को लेकर साइबर सेल को सूचित कर दिया गया है ताकि उसके स्रोत का पता लगाया जा सके।

# गुजरात-शादी से पहले मंगेतर ने युवती की हत्या की, एक घंटे पहले साड़ी को लेकर हुआ विवाद




अहमदाबाद, 16 नवम्बर (एजेंसी)। गुजरात के भावनगर में शनिवार को शादी से एक घंटे पहले एक युवती की उसके मंगेतर ने हत्या कर दी। घटना प्रभुदास झील के टेकरी चौक के पास स्थित घर में हुई। वारदात के बाद आरोपी घर में तोड़फोड़ कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी साजन बरैया और पीड़ित सोनी हिम्मत राठौड़ करीब डेढ़ साल से लिव इन में रह रहे थे। दोनों के परिवार ने शुरूआत में शादी का विरोध किया लेकिन इसके बावजूद दोनों ने सगाई कर ली थी और ज्यादातर रस्में भी पूरी हो चुकी थीं। डीएसपी आरआर सिंघल ने बताया कि शनिवार रात को दोनों की शादी से पहले दोनों के बीच साड़ी और पैसों को लेकर विवाद हुआ। बहस बढ़ने पर साजन ने लोहे के पाइप से हमला किया और सोनी का सिर दीवार पर दे मारा। जब परिवार को शोर सुनाई दिया तो वे लोग सोनी के कमरे की तरफ भागे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पीड़ित के बड़े भाई विपुल ने गंगाजलिया पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।सोनी के परिजनों ने बताया कि उसका अफेयर साजन के साथ था। उसने परिवार से झगड़ा करके घर छोड़ दिया और फिर साजन के साथ लिव इन में रहने लगी थी। जब दोनों की सगाई की जानकारी हुई तो सामाजिक सरोकार के चलते दोनों परिवार उनकी शादी के लिए राजी हो गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद सोनी अपने मायके आ गई। उनकी शादी के लिए 15 नवंबर की तारीख तय हुई। 14 नवंबर को हल्दी-मेंहदी की रस्में हुई। साजन और सोनी की ये रस्में एक जगह पर हुई। सोनी ने अपने एक हाथ पर आई लव साजन लिखवाया था और दूसरे हाथ पर मेहंदी से अखंड सौभाग्यवती लिखा टैटू बनवाया था।

# डॉ. गिरीश मोहन सिंघल की द्वितीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन





मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बुस.)। स्व. डॉ. गिरीश मोहन सिंघल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार, 16 नवम्बर 2025 को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कैंप सिंघल नर्सिंग होम/संतोष हॉस्पिटल, मेरठ रोड स्थित कम्पनी बाग के सामने लगाया गया। कार्यक्रम में मेदांता हॉस्पिटल की विशेषज्ञ डॉक्टर टीम ने भाग लिया। डॉ. अंकुर नंदन वार्ष्णेय (सीनियर कंसल्टेंट, कैंसर रोग, डी.एम. ऑन्कोलॉजी) और डॉ. हनी चौधरी (कंसल्टेंट, हृदय रोग, डी.एम. कार्डियोलॉजी) ने कैंसर और हृदय संबंधी रोगों की विस्तृत जांच की। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, पीएफटी और बोन डेंसिटी टेस्ट जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। डॉ. विकास ने बताया कि यह शिविर स्व. डॉ. सिंघल की स्मृति को समर्पित है, जिनका जीवन समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत रहा है।

## मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

**सुकमा, 16 नवम्बर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेज्जी और चिंतागुफा थाना क्षेत्रों की सीमा पर स्थित तुमालपाड़ के जंगल और पहाड़ी इलाके में मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रविवार को मिली जानकारी के मुताबिक, मारे गए माओवादियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। मौके से पुलिस को थ्री नॉट थ्री रायफल, बीजीएल लांचर और भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित अन्य सामग्री भी मिली है। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने कि यह मुठभेड़ शनिवार सुबह शुरू हुयी थी और रविवार सुबह सूचना के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया, "मुठभेड़ स्थल से अब तक माओवादी कैडरों के तीन शव बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में अभी भी सुरक्षा बलों की तलाशी जारी है।" मारे गए माओवादियों की पहचान माड़वी देवा, पोड़ियम गंगी और सोढ़ी गंगी के रूप में हुई है।

## दिल्ली विस्फोट के विरोध में मुस्लिम समाज सड़कों पर, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव, 16 नवंबर (वार्ता)** दिल्ली में 10 नवंबर को ऐतिहासिक लाल किले के पास हुए कार विस्फोट आतंकी हमले के विरोध में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव शहर के मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर एवं मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद थे। मुस्लिम समाज ने ज्ञापन में दिल्ली हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद किसी भी मजहब का नहीं होता, ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले दहशतगर्द इंसानियत के दुश्मन हैं। समाज ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस घटना की जांच कर दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए जिससे भविष्य में ऐसी वारदातों की पुनरावृत्ति न हो।

## अमृतसर में छह पिस्तौल बरामद, पांच गिरफ्तार

**अमृतसर 16 नवंबर (वार्ता)** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान से जुड़े एक हथियार और नार्को नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पाँच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के पास से छह अत्याधुनिक पिस्तौल (पाँच .30 बोर और एक ग्लॉक 9 मिमी) और एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। श्री यादव ने कहा कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया और ड्रोन के ज़रिए पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में हैं और पंजाब में अवैध हथियारों तथा नशीले पदार्थों की आवाजाही और डिलीवरी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत थाना छेहरटा और थाना छावनी में प्राथमिकी दर्ज हैं। संचालकों की पहचान करने और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मामले की जाँच जारी है।

## पाकिस्तान के सिध प्रांत में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात लोग मरे

**इस्लामाबाद, 16 नवंबर (वार्ता)** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राहत एवं आपातकालीन बचाव टीम 1122 सिंध के प्रवक्ता हसन उल हसीब ने बताया कि यह विस्फोट शनिवार शाम हैदराबाद ज़िले के लगहारी गोठ में हुआ। उन्होंने कहा, "विस्फोट के बाद भीषण आग ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।" बचाव दल ने मलबे से शव निकाले और घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुँचाया। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के कारणों की जाँच की जा रही है।

## भाजपा ने महिलाओं को रुपये देकर वोट खरीदने की कोशिश की : अखिलेश



**बेंगलुरु, 16 नवंबर (वार्ता)** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार और अन्य राज्यों में महिलाओं को 10,000 रुपये देने की योजना की आलोचना करते हुए उसे वास्तविक विकास के साधन की बजाय एक चुनावी हथकंडा बताया। श्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह योजना पारिवारिक स्थिरता और दीर्घकालिक कल्याण जैसे बुनियादी मुद्दों का समाधान नहीं करती। भले ही भाजपा यह दावा करे कि इस योजना के कारण महिला मतदाताओं का उसे पर्याप्त समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, "वे दावा करते हैं कि उन्हें महिला मतदाताओं से पर्याप्त समर्थन मिला है लेकिन सिर्फ कल्याणकारी उपाय ही सरकार के सम्मान और स्थिर पारिवारिक संरचना सुनिश्चित करने के कर्तव्य की जगह नहीं ले सकते और 10,000 रुपये उन्हें सम्मानजनक जीवन नहीं दे सकते।"

## जयंत चौधरी रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए



**लखनऊ/मथुरा 16 नवम्बर (वार्ता)** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन-2025 में रविवार को जयंत चौधरी सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुने गये हैं। मथुरा के कोसीकलां में आज आयोजित पार्टी अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच श्री जयंत का स्वागत किया। अधिवेशन में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर भी व्यापक चर्चा हुई। आर्थिक प्रस्ताव के तहत कृषि भूमि के विभाजन और युवाओं के पलायन को रोकने के लिए गाँव-कस्बों में स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया। साथ ही उर्वरकों के अनियमित उपयोग और जल दोहन पर नियंत्रण करते हुए फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही गई। वहीं सामाजिक प्रस्ताव में युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ने की आयु 18 वर्ष किए जाने तथा महिलाओं के सामाजिक सम्मान एवं राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समाज के वंचित तबकों के विकास हेतु न्यायोचित लाभ देने वाली नीतियों के निर्माण का भी आह्वान किया गया।

## राम मंदिर के अंदर वीवीआईपी भी नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल फोन

**अयोध्या, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** राम मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करते हुए ट्रस्ट व प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। ध्वजारोहण समारोह में आने वाले किसी भी मेहमान को मोबाइल फोन लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। शुरूआत में मेहमानों को मोबाइल साथ ले जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ाने की सिफारिश की। इसके बाद ट्रस्ट और प्रशासन ने संयुक्त समीक्षा के बाद मोबाइल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। 25 नवंबर को राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित है। समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत आठ हजार मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों को भेजे गए आमंत्रण पत्र में बताया गया था कि 25 नवंबर को सभी को सुबह आठ से 10 बजे के भीतर मंदिर में प्रवेश करना होगा। वे अपने साथ मोबाइल रख सकते हैं, लेकिन अब इस निर्णय को बदल दिया गया है। मेहमानों को खाली हाथ समारोह के लिए आना होगा।

# ठंड बढ़ा रही सेहत की जंग, सर्दी-जुकाम के लोग तंग



**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** नवंबर शुरू होने के बाद मौसम में तेजी से आ रहे बदलाव के साथ मौसम में ठंड बढ़ गई है। इसके चलते एक बार फिर मौसमी बीमारियां परेशान कर रही हैं। इसमें सर्दी-जुकाम, वायरल और दूसरी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। श्वांस रोगियों के लिए खासतौर से यह मौसम परेशानी का सबब बन चुका है। जोड़ों के दर्द और त्वचा रोग की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में चिकित्सकों ने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। एक नवंबर को पारा अधिकतम 29.4 व न्यूनतम 17.1 डिग्री था। आज यह 25.2/10.7 पर दर्ज किया गया। इसके चलते दिन में सुबह की गुलाबी और दोपहर की कड़क धूप जरूर राहत दे रही है, लेकिन रात में ठिठुरन बढ़ रही है। मौसम में आ रहा यह बदलाव सेहत के लिए भी संकट लेकर आया है। सर्दी-जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द व चर्म रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सुबह-शाम की सर्दी ने लोगों को ठंड का एहसास दिलाना शुरू कर दिया है और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं, वहीं मौसम में हो रहा इस तरह का बदलाव सेहत के लिए कई तरह की चुनौतियां बढ़ा रहा है।

### बुजुर्गों में जोड़ों के दर्द की बनी समस्या

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ती ठंड के चलते वायरल संक्रमण के साथ अर्थराइटिस (जोड़ों का दर्द) के मामलों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसके चलते हड्डी रोग ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीमारों में बुजुर्गों और महिलाओं की संख्या अधिक पाई जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में आ रहे बदलाव और ठिठुरन इस समस्या को और बढ़ा रहे हैं। खासकर कमर और घुटनों के दर्द के मरीज अधिक मिल रहे हैं। बदलता मौसम जोड़ों पर सबसे अधिक प्रभाव डालता है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### खुजली और त्वचा रोग कर रहा परेशान

**मुजफ्फरनगर।** दूसरी ओर खुजली और त्वचा में रूखापन की समस्या बढ़ रही है। कई मरीज खुजली से भी परेशान हैं। इसका एक कारण यह है कि सर्दी बढ़ने के साथ लोगों ने गर्म पानी से नहाना शुरू कर दिया है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी में बहुत गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। पहले सूती और उसके ऊपर ऊनी कपड़े पहनें। नहाने के बाद नारियल तेल या मॉइस्चराइजर लगाएं। खुजली आने से त्वचा में लालिमा भी आ जा रही है। जिन बच्चों की त्वचा संवेदनशील है, उनकी भी त्वचा में रूखापन बढ़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि नहाते समय तेज गर्म के बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इससे खुजली और त्वचा शुष्क होने की समस्या से निजात मिलेगी।

### सर्दी-जुकाम व खांसी के रोगी बढ़े

**मुजफ्फरनगर।** सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि सुबह-शाम की ठंडक और दिन का गर्म मौसम शरीर के तापमान को असंतुलित कर देता है। संक्रमण के वायरस हवा में सक्रिय होते हैं और थोड़ी सी लापरवाही बीमारी को न्योता दे सकती है। इसलिए इस मौसम में बचाव के उपायों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इस समय सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस बदलाव से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। श्वांस रोगियों के लिए मौसम खासतौर से मुसीबत भरा होता है। ऐसे में सांस के रोगियों को विशेष तौर पर सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बच्चों और बुजुर्गों में ऐसे मौसम में निमोनिया का खतरा भी बढ़ रहा है। बच्चों को ठंड में लापरवाही करने से बचाएं और गर्म कपड़े व जूते मौजे पहनाएं।

# दिन में ही नहीं रात में भी परेशान कर रहे बंदर, जाग रही जनता, सो रहे नेता

**मुजफ्फरनगर, 16 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर का हर आदमी छत हो या सड़क दोनों पर पूरी तरह परेशान है। छत पर बंदर और गली में कुत्तों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। यह हम भी जानते हैं कि इनका समाधान गली से उठवा लेना नहीं है, मगर जो समाधान है, वो भी नेता बड़ी सुस्ती के साथ करते दिखाई पड़ते हैं। आज आश्वासन दिया जाएगा महीनों बाद बजट पास होता है और सालों बाद व्यवस्थाएं धरातल पर लागू होती हैं। मगर हल कहीं निकलता दिखाई नहीं पड़ता। आम जनता का बताना है दिन में महिलाओं का छत पर कपड़े सुखाने जाना भी दुश्वार हो चुका है। वहीं रात को गली में निकलने में भी लोगों को भय लगने लगा है। लोगों का बताना है कि अब रात में भी उक्त बंदर खूब शरारतें करने लगे हैं। ऐसे में नेता तो सोये हुए हैं और जनता को जागना पड़ रहा है। नगरपालिका में इसके लिये बजट भी पास हो चुका है, मगर लगता है कि बंदर पकड़ने की कार्रवाई में 6 महीने से ऊपर ही गुजर जाएंगे और तब तक नगरपालिका की सत्ता भी जाने वाली होगी। नगरपालिका के कार्यकाल को 3 साल से भी अधिक हो चुके हैं मगर किसी ने भी आज तक एक बंदर भी नगरपालिका द्वारा पकड़ते हुए नहीं देखा है।



यहां तक कि एक 80 साल के बुजुर्ग ने भी शिव चौक पर खड़े होकर प्रदर्शन कर नगरपालिका को शर्मिंदा करने की पूरी कोशिश की थी, मगर सिर्फ आश्वासन और आश्वासन के अलावा अभी तक कुछ हासिल नहीं हुआ है। जिले के अन्य नेताओं का भी इस बात से कोई लेना-देना नहीं रह गया है कि आम जनता किन-किन समस्याओं से इस शहर में जूझ रही है, फिर वे समस्या टूटी-फूटी सड़कों की हों या फिर अतिक्रमण की हो या गली में घूम रहे कुत्तों और छत पर बैठे बंदरों की ही क्यों ना हो? इस शहर में निदान किसी के पास नहीं है। बस जनता आये दिन कभी किसी अधिकारी कभी किसी नेता का दरवाजा खट-खटाकर थक जाती है और 5 साल का कार्यकाल देखते ही देखते पूर्ण हो जाता है, पर समाधान कुछ भी नहीं होता है। अब देखना यह होगा कि उक्त सभी समस्याओं का समाधान इसी कार्यकाल में होगा या 2026 लगते ही नेता वोट बटोरने में लग जाएंगे।

# भीड़ भरे इलाके में सुरक्षा मानकों को धता बताकर गिराया भवन

## इंद्राणी नर्सिंग होम की बिल्डिंग गिराते रहा हादसे का खतरा

**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** होली एंजेल स्कूल के बराबर में स्थित इंद्राणी नर्सिंग होम के पुराने भवन को गिराने में आज सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। भवन गिराते समय राहगीरों की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए बिना सुरक्षा मानकों के भवन को तोड़ा गया। इसके चलते मलबा नीचे भीड़ भाड़ वाली सड़क पर गिरकर लोगों के लिए खतरे की घंटी बना रहा।



शहर में टाउन हाल रोड पर सिंधी मैडीकल हब और होली एंजिल्स पब्लिक स्कूल के बीच इंद्राणी नर्सिंग होम स्थित था। लंबे समय तक यह शहर का एक जाना माना नर्सिंग होम रहा है। कई साल से यह नर्सिंग होम बंद कर दिया गया था। इसके बाद शहर के मुख्य इलाके में स्थित इस नर्सिंग होम के पुराने भवन को तोड़कर नए सिरे से इसके निर्माण की तैयारी है। इसके चलते ऊपर की ओर से भवन को तोड़ने का काम आज शुरू हुआ। इसमें चिंता की बात यह रही कि भवन को तोड़ते समय सुरक्षा मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की गई। ऐसे में नीचे आने जाने वालों के लिए ना तो बैरिकेटिंग की गई और ना कोई चेतावनी पट्ट रखा गया। ऐसे में ऊपर से टूट रहे भवन का मलबा बेरोकटोक नीचे गिरता रहा है। इसका नीचे से गुजरने वाले लोगों को चोट लगने का खतरा बना रहा। आसपास के दुकानदार भी मलबे के साथ उड़ रही धूल के कारण परेशान रहे। मलबे के नीचे गिरने से लगातार हादसे का खतरा बना रहा, लेकिन काम में लगे ठेकेदार और मजदूरों को इसकी कोई परवाह नहीं थी।

# दिल्ली ब्लास्ट में कनेक्शन में एटीएस का बड़ा एक्शन, लखनऊ से भाई-बहन को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड ने लखनऊ से 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सूत्रों का कहना है कि दोनों का ब्लास्ट मामले से कनेक्शन मिला है। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। दरअसल, एटीएस ने लखनऊ में मड़ियांव, कैसरबाग समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है। रविवार को स्कॉर्पियो से एटीएस पारा इलाके के कुंदन विहार पहुंची। यहां से 2 लोगों को उठाया और अपने साथ लेकर चली गई। एटीएस तीन दिनों से संदिग्धों की रेकी कर रही थी। इससे पहले डॉ. शाहीन सईद और उसके भाई डॉ. परवेज को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ के बाद साजिश में शामिल लोगों पर ताबड़तोड़ एक्शन हो रहे हैं। शाहीन और उसके भाई परवेज को 10 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की गर्लफ्रेंड बताई जा रही है। जेके पुलिस ने उसकी कार से एके-47, पिस्टल और कारतूस बरामद किए थे।



एटीएस टीम के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस 11 नवंबर की दोपहर डॉक्टर शाहीन सईद के घर पहुंची थी।

उसका घर लखनऊ में लालबाग इलाके के खंदारी बाजार में है। यहां शाहीन के पिता सईद अंसारी मौजूद थे। टीम ने पूरे घर को खंगाला। आस-पड़ोस के लोगों से भी पूछताछ की। दोनों टीमों के सहयोग में लखनऊ पुलिस भी लगी रही। इसके पहले पुलिस टीम ने मड़ियाव थाना क्षेत्र में शाहीन के भाई डॉ. परवेज अंसारी के घर को 3 घंटे तक खंगाला। टीम पहुंची तो गेट पर ताला लगा था। ताला तोड़कर टीम घर के भीतर दाखिल हुई। डॉक्टर परवेज लखनऊ की इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थे। एक हफ्ते पहले ही उन्होंने रिजाइन किया है। उनकी क्लीनिक सहारनपुर में देहरादून चौक पर भी है। पुलिस को परवेज के घर से अहम दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, कार और बाइक मिली। उनकी जांच की जा रही है। कार पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का पास लगा है। कार सहारनपुर से खरीदी थी। पूछताछ के बाद परवेज को हिरासत में लिया गया।

## दिल्ली में ब्लास्ट हुई कार का मालिक गिरफ्तार, एनआईए ने आमिर राशिद को दिल्ली से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने रविवार को आतंकी उमर के साथी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसने उमर के साथ मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। आई20 कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को पकड़ा है। जांच में पता चला कि डॉक्टरों वाला यह व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल पिछले साल से एक सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था और इसकी जिम्मेदारी उमर पर थी। हिरासत में लिए गए काजीगुंड के जसीर उर्फ दानिश ने बताया कि उसकी इस मॉड्यूल से पहली मुलाकात अक्टूबर-2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में हुई थी। बाद में उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास किराए के कमरे में रखा गया। मॉड्यूल उसे ओवरग्राउंड वर्कर बनाना चाहता था, लेकिन उमर महीनों तक उसे सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए मनाता रहा। योजना इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने की बात कहकर सुसाइड बॉम्बर बनने से मना कर दिया। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 गंभीर है।

## हरियाणा की सरकारी डॉक्टर को जेके पुलिस ने छोड़ा

**रोहतक, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** हरियाणा में रोहतक की रहने वाली डॉक्टर को जम्मू कश्मीर में काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने हिरासत में लिया। आतंकी माड्यूल में गिरफ्तार डॉ. आदिल अहमद के बारे में पूछताछ की गई। डॉक्टर अनंतनाग के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में जनरल मेडिसिन की अंतिम वर्ष की स्टूडेंट है। डॉ. आदिल भी इसी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर का सीनियर था। पूछताछ के बाद प्रियंका को छोड़ दिया गया। उक्त डॉक्टर का मोबाइल टीम ने जांच के लिए भेज दिया है। डॉक्टर हरियाणा के झज्जर में सरकारी डॉक्टर है। वह एमडी करने के लिए स्टडी लीव पर 2023 से अनंतनाग में रह रही हैं। इनके पति भी भिवानी में सरकारी डॉक्टर हैं।

## दहेज में 50 लाख रुपए की मांग को लेकर मारपीट व जलाकर मारने के प्रयास का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** मोहल्ला बचन सिंह कॉलोनी निवासी वैशाली पुंडीर की शादी 2024 में हरियाणा के गुरुग्राम निवासी कपिल राघव के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जंगल में बने फार्म हाउस में छोड़ दिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। 21 अगस्त 2025 को पति व अन्य ससुरालियों ने उसकी गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने उसे छुड़ाया। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके पिता से 50 लाख रुपए की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति कपिल राघव, सास पिंकी, ससुर परम सिंह, राकेश राघव और प्रदीप राघव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में दंपती व बच्ची घायल, बच्ची की मौत

**जानसठ, 16 नवम्बर (बु.)।** पानीपत-खटीमा हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती और चार माह की बच्ची घायल हो गए। हादसे में घायल दो साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की रात्रि को गांव काटका निवासी खुर्शीद पुत्र इकबाल अपनी पत्नी सलमा और चार माह की बच्ची शिदरा को बाइक पर लेकर ककरौली क्षेत्र के गांव जटवाड़ा में अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने गांव लौट जा रहा था। जैसे ही वह पानीपत-खटीमा हाईवे पर रेड चिली होटल के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक पर सवार दंपती और बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा एंबुलेंस की मदद से घायल खुर्शीद, सलमा और उनकी बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने चार माह की बच्ची शिदरा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे के दौरान चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मुजफ्फरनगर में नहीं मिला चोरी आभूषणों का खरीदार, हरिद्वार लौटकर गिरफ्तार

**हरिद्वार, 16 नवंबर (एजेंसी)।** लाखों के जेवर लूटने वाले बदमाशों को मुजफ्फरनगर में खरीदार नहीं मिला। इसके बाद रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक की मां को सम्मोहित कर लाखों के जेवर ठगने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 8.5 लाख रुपये मूल्य के सोने के दो कंगन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। गिरोह के तीन सदस्य फरार हैं जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को शिवालिक नगर निवासी आशुतोष सोनी ने तहरीर दी थी कि उनकी मां सुमित्रा सोनी मंदिर जाने के लिए घर से निकली थीं। घर से लगभग 100 मीटर दूर 3-4 अज्ञात लोग उन्हें मिले और बातों में उलझाकर सम्मोहित कर लिया।

इसके बाद उनसे सोने के कंगन, चेन, कान के टॉप्स, पर्स और मोबाइल लेकर फरार हो गए। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी गई थी। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड भी खंगाले गए। 15 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर आर्मी ग्राउंड से कच्चे रास्ते पर मोटरसाइकिल सवार एक आरोपी अब्दुल गफ्फार निवासी शाहीपुर, किठौर मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गफ्फार सोने के कंगन बेचने ज्वालापुर जा रहा था। बरामद कंगनों को बेचने के लिए पहले उसने मेरठ और मुजफ्फरनगर में भी कई स्थानों पर कोशिश की थी लेकिन बिल न होने और कंगन पिचके होने के कारण सुनारों ने खरीदने से इनकार कर दिया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह अपने साथी दिलशाद उर्फ बॉबी, मुजाहिद और गुलजार के साथ दो बाइकों से हरिद्वार आया था। चारों ने मिलकर शिवालिक नगर में घटना को अंजाम दिया था।

## सनातनी चिकित्सक से ही कराएं इलाज : यशवीर महाराज

**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** गुजरात पुलिस ने खतरनाक जहर सहित तीन आतंकवादियों के पकड़े जाने पर पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि इस जहर से दवाओं और खाद्य पदार्थ की वस्तुओं के माध्यम से हिंदुओं का नरसंहार करने की बड़ी खतरनाक साजिश थी। दिल्ली में जो बम विस्फोट में पकड़े गए आतंकी एक विशेष वर्ग के डॉक्टर थे। यशवीर आश्रम ने विवादित बयान देते हुए सभी सनातनियों से अनुरोध किया है कि यदि बीमार पड़ते हैं तो अपना उपचार या किसी भी प्रकार का ऑपरेशन सनातन धर्म के किसी डॉक्टर से ही कराएं, ऐसे लोगों से नहीं जो अपने मजहब के एजेंडे को पूरा करने में लगे हैं।

## हाईवे पर मचा हा-हाकार! ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में 6 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत, 14 घायल

**जोधपुर, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। भीषण टक्कर में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार एमडीएम अस्पताल, जोधपुर में चल रहा है। मृतक और घायल सभी गुजरात के साबरकांठा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसा सुबह करीब 5:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-125 पर खारी बेरी गांव के पास हुआ। बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बाजरे की बोरियों से भरा ट्रक तेज गति में अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया, जबकि ट्रक भी आगे जाकर पलट गया। टेंपो में आगे बैठे महेंद्र ने बताया कि सभी श्रद्धालु गुजरात के साबरकांठा जिले से रामदेवरा के दर्शन के लिए निकले थे। हादसे के बाद तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



## वृंदावन में खत्म हुई पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा, लिए 7 संकल्प

**वृंदावन, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा आज रविवार को अपने 10वें और अंतिम दिन भव्य रूप से संपन्न हो रही है। 7 से 16 नवंबर तक चली यह 10 दिवसीय पदयात्रा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होकर गुजरी। लाखों की संख्या में सनातन श्रद्धालु पूरे सफर में बाबा बागेश्वर के साथ पैदल चलते रहे और जगह-जगह उनमें अद्भुत उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा के अंतिम दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कई महत्वपूर्ण बातें कही। उनके संदेशों में आध्यात्मिकता, सामाजिक एकता और सनातन संगठन तीनों का संतुलन साफ दिखाई दिया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस यात्रा में हमने सनातन हिंदू एकता का प्रण लिया है। उन्होंने कहा कि 10 दिनों में देश-प्रदेश से आए करोड़ों मनुष्यों ने एक स्वर में सनातन धर्म के लिए खड़े होने का संदेश दिया। शास्त्री जी ने कहा कि क्या अमीर, क्या गरीब, क्या साधु, क्या आम जन सभी वर्गों के लोग इस यात्रा में शामिल हुए। यही सनातन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि यात्रा किसी एक वर्ग की नहीं थी, बल्कि समाज के हर हिस्से की भागीदारी का जीवंत उदाहरण थी। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं रही, बल्कि सामाजिक एकता और जनसमर्थन का अद्भुत उदाहरण बनी। उन्होंने कहा कि यात्रा ने वह कर दिखाया, जो कई आंदोलन भी नहीं कर सकें।



## देशभर में लागू हुआ ई-पासपोर्ट सिस्टम, भारत सरकार ने जारी की स्कीम

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** विदेश यात्रा या पहचान प्रमाण के तौर पर पासपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। इसी को अधिक सुरक्षित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए भारत सरकार ने पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम वी 2.0 लागू किया है। इसके तहत देशभर में ई-पासपोर्ट सिस्टम लागू कर दी गई है। अब भारत और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में नए पासपोर्ट तथा रिन्यूअल के लिए केवल चिप-आधारित ई-पासपोर्ट ही जारी किए जाएंगे। कई लोगों के मन में यह सवाल है कि क्या पुराने पासपोर्ट बेकार हो जाएंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पुराने पासपोर्ट उनकी एक्सपायरी डेट तक पूरी तरह वैध रहेंगे और पहले की तरह इस्तेमाल किए जा सकेंगे। हालांकि, पासपोर्ट की वैधता खत्म होने पर या नए आवेदन की स्थिति में आपको केवल चिप वाला ई-पासपोर्ट ही मिल पाएगा। नया ई-पासपोर्ट पाने के लिए किसी अलग फॉर्म या विकल्प को चुनने की जरूरत नहीं है। आवेदन करते समय सिस्टम अपने-आप आपके लिए ई-पासपोर्ट विकल्प लागू कर देगा। सरकार का मानना है कि यह बदलाव पासपोर्ट को और सुरक्षित बनाएगा और यात्रियों की इमिग्रेशन प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी तेज होगी। पीएसपी वी2.0 और ग्लोबल पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम के तहत अब देशभर में जारी होने वाले सभी नए और रिन्यू किए गए पासपोर्ट ई-पासपोर्ट होंगे।




### ई-पासपोर्ट क्या है?

**नई दिल्ली।** आरएफआईडी तकनीक, पासपोर्ट धारक का बायोमेट्रिक डेटा, फोटो और और अन्य व्यक्तिगत जानकारी, सुरक्षित रूप से संग्रहीत रहती है। इससे नकली पासपोर्ट की संभावना कम होगी और अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल के दौरान वेरिफिकेशन तेजी से हो सकेगा।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर, 5 की मौत

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** ग्वालियर-झांसी हाईवे पर मालवा कॉलेज के ठीक सामने भीषण हादसा हुआ है। जहां रेत ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी जा घुसी। इस घटना में कार सवार पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई। दरअसल यह घटना सुबह 6.30 बजे की है। फॉर्च्यूनर एमपी 07 सीजी 9006 झांसी की ओर से आ रही थी। मालवा कालेज के सामने जैसे ही गाड़ी गुजरी तो मोड़ से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकला। फार्च्यूनर चला रहे युवक को संभालने तक का मौका नहीं मिला, क्योंकि फॉर्च्यूनर कार भी तेज रफ्तार में थी। इस दौरान फॉर्च्यूनर ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी। आधी गाड़ी ट्रॉली के नीचे आ गई। फॉर्च्यूनर सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनकी लाशें ट्रैक्टर ट्रॉली और कार के बीच फंस गईं। कार चकनाचूर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों की मदद से कटर से गाड़ी काटना शुरू की गई है, ताकि बीच में फंसे हुए शवों को बाहर निकाला जा सके। झांसी रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलवा कॉलेज के सामने बड़ा हादसा हुआ है। पांच लोगों की मौत हुई है।



## जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस जल्द नए रूप में आएगी नजर

**मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (बु.)।** बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस जल्द ही नए रूप में चलेगी। हालांकि अभी इस ट्रेन के ना चलने से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। खासतौर से वैष्णोदेवी या जम्मू की ओर जाने के लिए कोई विकल्प नहीं है। दो माह बाद इस ट्रेन के पटरी पर आने की संभावना है।शालीमार एक्सप्रेस पंजाब में बाढ़ के बाद से बंद चल रही है। सूत्रों के अनुसार जम्मू तवी स्टेशन से गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार मलानी एक्सप्रेस और 18 जनवरी 2026 से बाड़मेर स्टेशन से गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार मलानी एक्सप्रेस ट्रेन एलएचबी रेक से चलेगी। इस ट्रेन में लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोच लगेंगे। यह कोच सुविधाओं और सुरक्षा से लैस होंगे। छह राज्यों के यात्रियों को फायदा मिलेगा। इसके लिए रेलवे तैयारी शुरू कर दी है।

## बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज, 19 या 20 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**पटना, 16 नवम्बर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए को भारी बहुमत मिलने के बाद नई सरकार का गठन जल्द हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नीतीश कुमार राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में कैबिनेट फॉर्मूले को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अगले तीन दिनों में नई राज्य सरकार का गठन होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार या गुरूवार को होने की उम्मीद है। हालांकि, अंतिम तिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम पर निर्भर करेगी। एनडीए ने बिहार चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है। जेडीयू और बीजेपी दोनों ने अपने 2020 की अपेक्षा कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। बीजेपी 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। जेडीयू 85 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। यहां तक कि लोजपा (आरवी), हम और आरएलएम जैसे उनके छोटे सहयोगियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 18वीं बिहार विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से सरकार बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। चुनाव आयोग बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अंतिम नतीजों की जानकारी देगा, जिसके बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। नीतीश कुमार ने कल कैबिनेट की बैठक बुलाई है। बैठक में निवर्तमान 17वीं विधानसभा को भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना है। प्रस्ताव पारित होने के बाद, नीतीश कुमार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंप देंगे, जिससे नई सरकार के गठन के अगले चरण का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद एनडीए के घटक दल अपने विधायक दल की बैठक कर गठबंधन का नेता चुनेंगे और फिर नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।